नगर निगम द्वारा शहर के स्वास्थ्य केन्द्रों व नगर में चला सफ़ाई अभियान और सेनेटाइज़ेशन का कार्य

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहाँपुर। अपर मुख्य सचिव द्वारा निर्देश के क्रम में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ.सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्रन पर विषेश अभियान के तहत साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।